[Shri Santosh Bagrodia]

we should have better diagnostic facilities for AIDS all over the country and we should also start blood donor screening in order to prevent the AIDS virus from contaminating the blood during the process of transfusion. We should also develop a special judicial system only for drug peddlars and also for drug abuse cases.

I hope the Government will take a very serious note of this problem before it becomes something worse than the Bhopal gas accident in which a few thousands of people were affected whereas in the case of AIDS crores and crores of people will be affected. Thank you, Sir.

BUDGET (RAILWAYS), 1989-90

डा० बापू कालदाते (महाराष्ट्र) . उपसभाध्यक्ष महोदय यह अर्थ सकल्प, चुनावी अर्थ संकल्प है क्योंकि मैं यह मान कर चला हूं कि शायद इससे पहले चुनाव हो जाएंगे, शायद...

श्री गुलाम रसूल मट्टू (जम्मू और काश्मीर) : आपको शक क्यों है?

डा० बापू कालदाते : इसलिए शायद कह रहा हूं क्योंकि मुझे डाउट है। इसके बारे मे चर्चा आगे होगी।

रेल मंत्रालय के (राज्य मंत्री)श्री माधवराव सिंधिया: चुनाव पर डाउट है, पर यह बजट चुनावी बजट है इस पर डाउट नहीं है? .(व्यवधान)..

डा० बापू कालदाते: महोदय, अगर इसे देखें तो मुझे लगता है कि रेल मंत्री महोदय अक्लमंदी या चालाकी से कई बाते इसमें ले आए है जिस कारण कुछ समय के लिए कुछ लोगो को खुशी हो जाती है और वे तालियां बजाते है, जैसेकि इस अर्थ संकल्प में आपने यात्रा किराया नहीं बढ़ाया है। तो लोगों ने तालियां बजानी शुरु कर दीं। लेकिन जब लोग तालियां बजा रहे थे तब आप जेब काट रहे थे, यह बात उनके ध्यान में नहीं आई क्योंकि आपने माल भाड़े की दर बढ़ा दी। महोदय, माधव राव जी के बारे में एक बात कहनी पड़ेगी कि इस देश मे 70 से लेकर आज तक जितने भी रेल मंत्री हुए है उनमे लोगों से पैसा वसूल करने का जितना अभूतपूर्व कार्य आपने किया है... .

SHRI A. G. KULKARNI (Maharashtra): Mr. Kaldate, he has run the Railways efficiently, more efficiently than any other Minister. That you have to accept.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: You have to accept it with a sense of pride.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV (Maharashtra) : Mr. Kaldate, I would appreciate your point if you also appreciate the efficiency of his working.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI) : I think he is going to say that.

SHRI A. G. KULKARNI: Bapu, you can ask for money for Marathwada. He is one of the best Railway Ministers we have had. (*Interruptions*)

श्री प्रमोद महाजन (महाराष्ट्र) : यह तो इस पर निर्भर करता है कि किस पार्टी मे टिकट कन्फर्म होता है.. **(व्यवधान)**..

डा० बापू कालदाते: आप ही सर्टिफिकेट दे दें उनको।...**(व्यवधान)**...

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी: यह एप्रीसिएशन है, सर्टिफिकेट नहीं है।

I never believe in certificates. I appreciate work.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Bapu may also appreciate. Hear him. (*Interruptions*)

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी: पैसे बगैर रेल चलती है क्या?... **(व्यवधान)**

श्री प्रमोद महाजन: उपसभाध्यक्ष जी, यह तो इस पर निर्भर करता है कि पार्टी में टिकट कन्फर्म होता है, अगर माधव राव की पार्टी में टिकट कन्फर्म होता है तो ...**(व्यवधान)**.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY (Karnataka) : It is not a certificate giving ceremony. It is a debate. Mr. Kulkarni may keep the certificate. He may give that later on.

SHRI A. G. KULKARNI : Mr. Vice-Chairman, please take it once and for all: I do not believe in certificates. I never believe in certificates.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI) . Bapu is very honest in his views. I think you hear him. He will also appreciate.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV : It is not a question of giving certificates. It is a question of appreciation. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI) : Bapu, go ahead. (*Interruptions*,

डा० बापू कालदाते: बाकी सब लोगों को छोड़कर मैं और माधव जी हंस रहे है।. **(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : यह बापू की ट्रेन नही बना देना आप... **(व्यवधान)...**

डा० बापू कालदाते: उपसभाध्यक्ष जी, आप जानते हैं कि आप हमारे बहुत बुजुर्ग नेता भी रहे हैं, साथी भी रहे हैं.. (व्यवधान)...

श्री माधव राव सिंधिया: सर, कुलकर्णी साहब ने बापू साहब की चेन पुलिंग करके गाड़ी रोक दी है..**(व्यवधान)...**

डा० बापू कालदाते: यह बिहार और मध्य प्रदेश से नहीं आते है तब भी कर रहे हैं, यह बुरी बात है। यह काम तो बिहार और मध्य प्रदेश में चलता है। ...**(व्यवधान)...**

श्री प्रमोद महाजन : यह चेन कौन सी है और जुर्माना क्या होगा?..**(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) :यह इनका समय नहीं काटा जाएगा।...**(व्यवधान)...**

डा० बापू कालदाते: मैं इसलिए कह रहा था कि इन्होंने सबसे ज्यादा धन किराया और माल-भाड़े मे इकट्ठा करने का प्रयास किया। आज तक जो भी पैसा इकट्ठाहुआ, जैसा कि केलकुलेशन से पता लगता है कि 2,683 करोड़ रुपया 1971-72 से आज तक इकट्ठा हुआ, उसमे से माधव राव जी ने 1,818 करोड़ रुपया इकट्ठा किया है। इसका मतलब है कि दो तिहाई तक पैसा या एक तिहाई तक पैसा आपने इकट्ठा किया है। आपने इकट्ठा किया है, इसके लिए मै नाराज नही हू, लेकिन इकट्ठा करते समय जिस ढंग से आपने इकट्ठा किया, इस अर्थ मकल्प मे उसी का परिणाम आप शायद नही जानते होंगे। लेकिन लोगों को बहुत महसूस हो रहा है, इसका आप ध्यान रखे। एक बात और है कि सरकार की एक अजब नीयत बन गई है कि जैसे हमारे डाक्टरी इलाजों मे पोलियो ड्राप्स देते हैं...**(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई): मेरे ख्याल से that freight has not come into being.

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: From Ist April, if it is passed by Parliament.

डा० बापू कालदाते: और ये पोलियो डोज वाला मामला बहुत चलाते है क्योंकि बजट जब आता है, उससे पहले प्राइसिज बढ़ा देते हैं, कोल प्राइस बढ़ गया, स्टील प्राइस बढ़ गया, सीमेंट की प्राइस बढ़ गई, पोलियो ड्राप्स ऐसे ही होता है ...**(व्यवधान)...**

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: I will remind the hon. Member that we have also given Rs. 1700 crores in dividend to the Government.

DR. BAPU KALDATE: In that I have a fight with the Planning Commission. In that we will be together.तो यह जो पोलियो डोज वाली थ्योरी है कि एक डोज दे देना, जैसे रोग प्रतिबंधक ड्रग्स होते हैं, इनका ऐसा चल रहा है कि गुस्सा प्रतिबंधक ड्रग्स लोगों के शरीर में डालते रहे ताकि पहले कोल का दाम बढ़ा दिया, फिर स्टील का बढ़ा दीजिए, फिर थोड़ा सा सीमेंट का बढ़ा दीजिए, इधर-उधर का बढ़ा दीजिए। अगर सारे टेक्स का बोझ लोगों पर पड़ेगा तो जो गुस्सा लोगो मे आएगा उसको प्रतिबंधित करने के लिए जो नई चाल चल रही है उसका एक परिणाम यह है कि माधव राव जी ने भी थोड़ा-बहुत पोलियो डोज इसमे देने का प्रयास किया है। लेकिन जब हम टोटल प्लानिंग की बात करते हैं तो हमें इस बात को ध्यान मे रखना चाहिए कि इसका इन टोटेलिटी क्या परिणाम होगा। आप भले कहते होंगे कि हमने माल-भाडे मे जो वृद्धि की है उसमे दो या तीन प्रतिशत दाम बढ़ेंगे, लेकिन **(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): They have not stated that it will be two or three per cent. दाम तो बढ़ेंगे 0.3 परसेंट जो उन्होंने कहा है ...**(व्यवधान)...**

डा० बापू कालदाते: इसलिए आप देखिए हर एक पार्टी अपने ढंग से सोचती है. वे तो इतना सोचता है कि माल का दाम बढाने से और चीजों के दाम भी बढ़ेंगे.

[डा वापु कालदाते]

उनका कहना है कि 0.3 बढ़ेगा. लेकिन आप देखिए कोल का दाम बढ़ गया, माल का किराया बढ़ गया तो उसका असर कितने गुना ज्यादा होगा. अगर आप कोल की बात करते है तो उसका कुल 57 रू० प्रति टन का भार पड़ेगा जो जो किराये इन्होंने बढ़ाये है, सारा बोझ देखेंगे तो उसका क्युमुलेटिव, चलन वृद्धि का दबाव समाज पर ज्यादा पड़ेगा. इसको मद्देनजर रखते हुए यह कहना कि हमने पैसेजरों पर यात्रियों पर किराया नहीं बढ़ाया है, माल का दाम बढ़ाया है, इससे छुट्टी नही होगी. आप पैसा माल भाड़े से इकट्ठा कर रहे हैं, लेकिन उसको देने वाला तो कंज्यूमर है। कोल का दाम बढ़ेगा तो वह भी कज्यूमर्स से वसूल किया जाएगा अत में कंज्यूमर्स के ऊपर ही यह सारा भार जाता है. बजट मे आप कुछ न कुछ दाम वृद्धि करते हैं तो उसका परिणाम चलन वृद्धि पर जाता है और लोगों की क्रय शक्ति पर असर पड़ता है. क्रय शक्ति घटने से समाज की जो दरिद्रता है उसको बढ़ाने का काम दाम बढ़ने से होता है. तो पहली बात मैं आपकी नजर मे यह लाना चाहता हू।

मैंने मज़ाक मे कहा है कि रेल मंत्रालय ने यह किया है कि खिड़की पर दाम वसूल करने के बजाए आपने पाकेट मारी का काम किया है, आपने दाम जेब से वसूल करने का ढंग सोचा है. रेलवे में पिक-पाकेटिंग होती है. मैं यह नहीं समझता था कि रेल मंत्री जी भी इसमे शामिल हो जाएंगे. आपने जो दाम बढ़ाया है उसका दबाव सभी चीजों पर पड़ेगा. इसका प्रैशर पूरी इकानामी पर पड़ेगा. जो भी हमारी नियोजन की प्रक्रिया है उसके ऊपर इसका बुरा असर पड़ेगा।

श्रीमन, मैं दो तीन ही मुद्दे पेश करना चाहता हूं। जो आपने दाम बढ़ाए हैं उसके कई कारण हैं। एक तो आपकी व्यवस्था मे रूद्धता आई है आपकी इकानामी में स्टेग्नेंसी आई है आपका स्टेग्नेंसी का कारण यह है कि आपके पास पैसे का कस्ट्रेन्ट है. आप स्वयं जानते हैं कि हिन्दुस्तान की रेल दुनिया में नंबर दो पर हैं. इसका विस्तार 61 हजार किलोमीटर से ज्यादा है. हम यह भी जानते हैं कि हिन्दुस्तान की रेल हर समय यदि हिसाब लगाकर देखे तो हर रोज एक करोड़ से ज्यादा लोगो को इधर से उधर ले जाती है हम यह भी जानते है कि इस देश मे 9.21 लाख टन माल की ढुलाई होती है। तो माल की ढुलाई और यात्रियों का बोझ भी विस्तृत है। लेकिन आपके पास पैसे का जो कस्ट्रेन्ट है उसमे आप सिस्टम को बदलने मे सफल नही हो पा रहे है, इस बात को मैं जानता हूं। आपके पास कंस्ट्रेन्ट होने के कारण आप सारी व्यवस्था में बदल नहीं कर सकते और जब तक आप व्यवस्था मे बदल नहीं लाएंगे तब तक आपका पैसा इकट्ठा करने की व्यवस्था सिर्फ यात्री किराए या माल भाड़े से वसूल करते रहेंगे तब तक न आपका विकास होगा, न किराया बढ़ाने की प्रक्रिया को आप बंद कर सकेंगे। एक ही रास्ता आपके पास है इंटरनेशनल सोर्स और वह है दाम बढ़ाने का। अगर दाम बढ़ाने की प्रक्रिया चलती रही तो जैसे जैसे रेवेन्युल अर्निंग ट्रैफिक बढ़ता जाएगा, वैसे वैसे फ्रेट रेट और किराये मे भी बढ़ोत्तरी होगी।

मैं सारे सालों के आंकड़े पेश करने की जरूरत नहीं समझता। आप स्वयं जानते हैं कि 80-81 मे रेवेन्यू अर्निंग ट्रैफिक था 195.9 मिलियन टन और उस समय इन्क्रीज इन फ्रेट एंड फेयर 204 करोड़ था। 89-90 का जो बजट है इसमे एस्टीमेटेड रेवेन्यू अर्निंग ट्रैफिक 316 मिलियन टन की है और इन्क्रीज इन फ्रेट एंड फेयर 876 करोड़ की है। इसका मतलब है कि एक तरफ जैसा हम कहते हैं आपका कार्यपालन यानी परफार्मेंस अभूतपूर्व ढंग से चल रहा है, माल की ढुलाई अभूतपूर्व ढंग से चल रही है, इसके साथ अभूतपूर्व ढंग से किराया और माल भाड़ा भी आप बढ़ा रहे हैं। यह सारा का सारा अभूतपूर्व ढंग से चला रहे हैं। इससे जो आप चाहते हैं वह भी नही हो रहा है और जो हम चाहते हैं न वह हो रहा है। अगर इसको दुरुस्त करना है तो मैं यह मानता हूं कि हम लोगों को इसमें बदलाव की आवश्यकता है। अगर बदलाव की आवश्यकता को देखें तो एक बात और ध्यान में आती है कि जैसे इधर आप पैसे बढ़ाते रहे हैं इन्टरनल रिसोर्सेज से, आमतौर पर देखा जाए तो रेल का जो एलोकेशन है साल हर साल कम होता जा रहा है इन परसेंटेजवाइज। रुपयों में संख्या में ज्यादा बढ़ोतरी होगी लेकिन टोटल प्लान आउटले देख लेते हैं तो हम को यह पता लगता है कि गये कई सालों में धीरे-धीरे रेल का एलोकेशन घटता जा रहा है। इसके भी सारे आंकड़े नहीं देना चाहता। लेकिन दो-तीन आंकड़े ले लें 5,6 और सात के प्लान के तो हम देखते हैं कि फर्स्ट प्लान मे 11 परसेंट एलोकेशन था, सेकिण्ड प्लान मे 15 परसेंट एलोकेशन था और थर्ड में 15.45 परसेंट एलोकेशन था। आज 85-90 का जो सैवन्थ प्लान चल रहा है इसमें 6.9 पर्सेंट है। इसका मतलब यह है कि पहले जितना ध्यान रेल एलोकेशन के बारे मे दिया जाता था वह रेल एलोकेशन का ध्यान घटता जा रहा है जिसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

आप स्वयं जानते हैं, हम भी जानते हैं कि प्रवास करने वाले यात्रियों की संख्या हर दिन बढ़ती रहेगी। हम बच्चे थे तो हम को मालूम था कि यह सीजन है, छुट्टियों का सीजन है इसलिए रेल में भीड़ हो जायेगी। *यात्रिये का सीजन है रेल मे भीड़ हो जायेगी।* आज एक दिन हम को नहीं लगता है कि कभी बगैर रिजर्वेशन के हम रेल में यात्रा करने की हिम्मत कर सके। कोई भी हिम्मत नहीं कर सकेगा क्योंकि हर रोज यात्रियों की भीड़ बढ़ती जा रही है। मैं कहता हूं यह अच्छी बात है। इसमे कोई बुरी बात नहीं है। इस देश में नये टूरिज्म का विकास कर रहे है लाखों-करोड़ों लोग स्नान के लिए *यात्रा स्थान* जाते हैं। बड़े-बड़े राजनीतिक दल जो हैं उनकी भी बड़ी-बड़ी सभाएं होती हैं, अधिवेशन होते है उन में लोग जाते हैं।

श्री गुलाम रसूल मट्टू: आबादी भी बढ़ रही है।

डा० बापू कालदाते: आबादी भी बढ़ रही है। यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है यह अच्छी बात है। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। मोबेलिटी इज वन आफ द क्राइटेरिया आफ माडर्नाइजेशन। जितना समाज में चलन रहे उतना समाज एक साथ आता रहे, उतना समाज एक दूसरे को जानता रहे, उतना समाज सारे देश को देखता रहे यह अच्छी बात है। समाज को इकट्ठा रखने मे, देश को इकट्ठा रखने में यात्रा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। इस बात को मैं मानता हूं। हम देखते है एक तरफ एलोकेशन कम होता जा रहा है और दूसरी तरफ सिर्फ इंटरनल रिसोर्सेज के लिए अगर हम पैसा किराये से वसूल करते रहे तो मुझे नहीं लगता कि इस रेल का काम जितना सुचारुरूप से चलना चाहिए उतना चल पायेगा। इसके लिए कुछ बातों की बहुत सख्त जरूरत है ऐसा मैं मानता हूं। इसके लिये दो बातों की जरुरत है। एक तो प्लानिंग कमीशन की दृष्टि को बदलने की जरुरत है। आप जानते होंगे कि वित्तीय निर्बन्ध हैं हम लोगों पर। इसमें क्या करें। इसके बारे मे 1977 में *एक कैपिटल स्ट्रक्चर कमेटी बनायी गयी थी।* उन्होंने कई सिफारिशे आपके सामने की हैं। उसमें से दो बाते कहना चाहूंगा। एक तो डिविडेंड का मामला है जिसके बारे में आपने अभी कहा कि 17 सौ करोड़ तो आपने डिविडेड में दे दिया लेकिन डिविडेड का मामला थोड़ा रेशनली देखने की बहुत आवश्यकता है। बहुत हद तक कम्मेटी ने यह सिफारिश की थी कि आल डिविडेड *लाइबिलिटीज टु बी ट्रीटिड एज डैफर्ड लाइबिलिटीज।* ऐसा उन्होंने कहा था। तो यह सब की बात नहीं हो सकती। इसमें जो मुसीबत होती है वह खासकर जो पिछड़े हुए इलाके हैं उनके लिए डिविडेंड की बात की मुसीबत आती है। एक तो यह कहा जाता है कि जब सरप्लस मॉप अप हो जायेगा तब डिविडेंड की बात करना अलग है। लेकिन कहीं इनको नई रेल लाइन *बिछानी हो तो प्लानिंग कमीशन* इनको कहता है कि What are their returns? और बताइये कि पैसा कैसे वसूल होगा। मेरी समझ में नहीं *आता है कि गरीबों* के पास पैसा कहां से आएगा, उनसे आप पैसा कैसे वसूल कर पाएंगे?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI) : How much more time will you take, doctor?

DR. BAPU KALDATE : I will take some more time to finish.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI) : All right, then you continue after lunch.

Now the house stands adjourned for lunch and will meet again at 2.30 p.m.

The House re-assembled after lunch at thirty-three minutes past two of the clock.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI) in the Chair

BUDGET (RAILWAYS) 1989-90—Contd

डा० बापू कालदाते: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय तथा सदन का ध्यान दो बातों की तरफ खींच रहा था। एक बात थी एलोकेशन के बारे मे। मुझे लगता है कि प्लानिंग कमीशन के दिमाग मे कोई गलतफहमी है कि रेल एक विभाग है और वह जैसे अन्य विभागों के लिए मंत्रालयों के लिए एलोकेशन करता है उसी दृष्टि से रेल विभाग को देखना उचित नहीं है, मै ऐसा मानता हू। प्लानिंग कमीशन को यह देखना चाहिये कि रेल मंत्रालय सिर्फ रेल मत्रालय ही नहीं है वह सारे देश की जो भी संचार व्यवस्थाएं हैं उन मे एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मैं स्वयं ऐसा मानता हूं कि जैसे रक्षा विभाग है यह देश के लिए अति महत्वपूर्ण विभाग होता है वैसे ही इस रक्षा के साथ संचार विभाग भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है और इसमे सब से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रेल मत्रालय उठाता है। इसके लिए मैं आपके माध्यम से *सारे सदन से यह मांग करूंगा और प्रयास करूंगा कि सारा* सदन साथ दे और प्लानिंग कमीशन को यह जरूर कहे कि एलोकेशन जिस ढग से रेल विभाग के लिए आप

[डा॰ बापू कालदाते]

करते हैं यह आपका तरीका यह आपका रवैया गलत है और इसे विकास की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण साधन समझते हुए इसके एलोकेशन में जितनी बढ़ोतरी होनी चाहिए उतनी बढ़ोत्तरी करने का प्रयास प्लानिंग कमीशन करे। मैं ऐसा चाहता हूं कि सारा सदन इसमे साथ दे, मंत्री महोदय के हाथ ज्यादा मजबूत करे ताकि वह हमारी जेब को हाथ लगाने के बजाय ज्यादा पैसा वहां से इकट्ठा कर सकें। जहां तक डिविडेड का प्रश्न है मैं इस मे बिलकुल साफ हूं। मै यह मानता हूं कि यह बात सही है कि यदि रेलवे आपत्ति में रहेगा, रेड-लाइन मे रहेगा जब तक उसके पास सरप्लस मोबिलाइज़ेशन नहीं हो पा रहा है तब तक सारा dividend should be treated as deferred liability. और वह खासकर अविकसित विभागों के लिए अति आवश्यक होता है। इसमे भी मुझे लगता है कि प्लानिंग कमीशन की दृष्टि ठीक नहीं है क्योंकि प्लानिंग कमीशन रेल मंत्रालय को, हम लोगों को बार बार यह कहता है कि जब तक सब्सटेंशियल रिटर्न की बात नहीं होगी तब तक नयी लाइने बिछाना बड़ा मुश्किल है। मैं कहता हूँ कि सब्सटैंशियल रिटर्न की बातं का मतलब अविकसित भागों को सदियों तक पीछे रहने का मौका देने का सिद्धात है। अगर सब्सटैंशियल रिटर्न की बात करते रहेंगे तो जिनके पास पीछे नहीं है वे देगे कहां से? ये जो प्रोजेकशन्स होते है ये गलत निकलते हैं यह भी हमने देखा है।

जहां पर पूने से कोल्हापुर की लाइन की बात है मुझे याद है वहां यही कहा गया था कि यहां कुछ भी मोबिलाइजेशन होने में 10-11 साल लगेंगे। लेकिन एक तरफ रेल चली जाती है तो It is like an injection which accelerates the process of development.

जैसे इन्जेक्शन के जरिये जब ग्लूकोस दे देते हैं तो शक्ति आ जाती है वैसी ही सारी विकास प्रक्रिया रेल लाइन डालने से और विकसित तथा प्रभावी हो जाती है। इसको मद्देनजर रखते हुए में इस राय का बन गया हूं कि जहां तक बैकवार्ड एरियाज का सवाल है, नये कंस्ट्रक्शन का सवाल है इस डिवीडेंड के मामले को हटा देना चाहिए, दूसरा कोई रास्ता नहीं है। इसके लिए जो दबाव हम प्लानिंग कमीशन पर डाल सकते हैं वह सारा दबाव हम लोगों द्वारा उन पर डालने की आवश्यकता है।

इससे हुआ क्या है? आभा कुलकर्णी जी यहा नहीं हैं, उन्होंने कहा कि हमारे मंत्री महोदय ने कई अच्छी बातें की हैं। इसमें कोई शक नहीं है। यह हमने कब कहा है कि कुछ भी अच्छी बातें नहीं की हैं। अच्छी बातें बहुत की है। But after all, the test of the pudding is in the eating.

हमें क्या अनुभव है। भले ही ग्वालियर के लोग कहेंगे कि "शताब्दी" जा रही है, धूमधाम से बम्बई तक दौड़ रही है...

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई): भोपाल तक।

डा॰ बापू कालदाते: अब बम्बई तक आगे भी जाएगी। अतः वह तो दौड़ रही है लेकिन मनमाड से औरंगाबाद जाना बड़ा मुश्किल हो रह है। हमारे लिए यह सवाल है कि मनमाड से औरंगाबाद कैसे पंहुचे। आपके घर में जलेबी है तो आप संतुष्ट रहेंगे, लेकिन आपके घर की जलेबी देखकर मैं कैसे संतुष्ट रहूंगा, मेरे लिए यह सवाल है। इसमें हम इतना ही चाहते हैं कि जो जलेबी आप खा रहे हैं उसे थोड़ा बहुत हमारे इलाके मे भी देना आपके लिए जरूरी होना चाहिए। इसमे मुझे लगता है। There is total *ad-hocism*.

क्योंकि प्रायोरिटीज क्या है रेल की, इसके बारे में मैंने 1985 में भी कहा था। चार साल मैं चुप बैठा था मैं समझ रहा था कि माधव जी के आने के बाद वहां भी, हमारी तरफ भी ज्यादा ध्यान देंगे और कहेंगे कि पिछड़े हुए इलाके हैं इनके लिए हम कोशिश करते रहेगे। लेकिन यह नहीं हो रहा है। इसका हमे दुख है।

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Has the hon. Member seen the book that has been supplied to him?

DR. BAPU KALDATE: I have seen it.

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Rs. 15 crores have been given for this.

DR. BAPU KALDATE: I am going to refer to it.

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: I hope you are going to refer to it in positive terms. *(Interruptions)*

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: He is not appreciating it. I am going to appreciate it.

डा० बापू कालदाते: हम आपकी मदद करना चाहते हैं आप भी हमारी करिये, इतना हमारा आपसे निवेदन है।

श्री माधव राव सिंधिया : मेरे कहने का मतलब है कि आपको भी लड्डू और जलेबी दिये गये है।

डा० बापू कालदाते : लड्डू नहीं मिल रहे हैं, आप ही इसमे देख रहे है। अगर ये लड्डू हैं ऐसा आप मानते हैं, तो आपस मे मतभेद है ऐसा ही हो सकता है चलिए।

मैं अब चार रेलों का जिक्र कर रहा हूं। मैं प्रायोरिटी, अग्रिमता की बात कर रहा हूं। मैं ऐसा मानता हूं कि जैसे हमारे बार्डर के इलाके हैं जो सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण होते है, वहां फर्स्ट प्रायोरिटी होनी चाहिए। अब दूसरी प्रायोरिटी मुझे लगता है कि पिछड़े इलाकों के लिए होनी चाहिए। क्यों होनी चाहिए? क्योंकि आप गये कई सालों की प्लानिंग देखे, इसका हिसाब किताब देखें तो यह ध्यान में आयेगा कि भले ही आप मदद करें कुछ थोड़ी बहुत लेकिन उससे उनकी विकास की प्रक्रिया गतिमान नहीं हुई है। बजाय इसके यह हुआ है कि जो भी कुछ थोड़ा बहुत धन आप वहां देते हैं और जिस ढंग से विकसित विभागों को देते हैं इससे विकसित और अविकसित विभागों सी दरार बढ़ती जा रही है। यह हमारी सबसे बड़ी शिकायत है। आपने कहा कि 15 करोड़ दे दिये। मै कहता हूं कि कितने सालों से यह हमारी मांग थी। उस समय 1985 मे मैंने कहा था कि 14 साल हो गये हैं। हमने मजाक मे उस समय कहा था कि राम का बनवास भी 14 साल के बाद खत्म हो गया लेकिन मराठवाड़े के लोगों का जो बनवास चल रहा है उसको अब 19 साल होने को आ गये हैं वैसे का वैसे ही रह गया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : अब हो गया है।

डा० बापू कालदाते : नहीं हुआ है, यह तो मै कह रहा हूं, क्योंकि वह 140 करोड़ की सारी स्कीम है, मनमाड से परभनी वाली बात मैं कह रहा हूं...। अब 140 में से उनके कहने के मुताबिक किताब मे जो दिया है, उसके मुताबिक जो आज 15 करोड़ दे रहे हैं, उसके बाद 109 करोड़ का वैसे का वैसा मामला पड़ा रहेगा। शताब्दी एक्सप्रेस तो तुरंत चली जाएगी, लेकिन यह कागज वाली रेल हमारे गांव पहुंचने में शायद अगली शताब्दी न आ जाए। ऐसा हम सोच रहे हैं कि इक्कीसवीं शताब्दी मे जाने से पहले आएगी।

मैं यह भी चाहूंगा कि आप उस बात को समयबद्ध बनाइये और अगर आप यह अग्रिमता देते हैं कि पिछड़े हुए इलाके को, जैसा कि पिछड़े हुए लोगों के लिए विशेष संधि का प्रस्ताव हम करते हैं, जब तक सरकार विकास की प्रक्रिया के सभी क्षेत्रों में रेल को पकड़ कर जब तक विशेष विकास संधि का प्रस्ताव नहीं करेगी, तब तक भले आप कितना भी देने का प्रयास करे, उससे उसके अंदर जो गैप है, वह कम होने की कोई संभावना मुझे नहीं लगती है।

चार रेलों की बात हम लोग बार-बार करते आये हैं। एक तो मनमाड -औरंगाबाद-परली लाईन-मैं आपसे इतना ही पूछना चाहता हूं कि क्या आप इस साल के अंत तक मनमाड से कम से कम औरंगाबाद की रेल बिछायेंगे? यदि आप इतनी व्यवस्था कर सकेंगे, तो मैं मानूंगा कि लड्डू कम से कम हमारी तरफ आने शुरू हो गये हैं भले ही मिलें न मिलें, लेकिन आने तो शुरू हो गये—ऐसा मैं मानता हूं।

लास्ट यिअर के बजट में आपने अपने भाषण में कहा था कि परली से लेकर बीड़ नगर वाला सर्वे पूरा किया जाएगा। मैं मानता हूं कि आप जो यहां बोलते हैं, वह पूरा करते हैं, इस पर मेरा विश्वास है। वह शायद हो सकता है कि आपने परली से लेकर बीड़ नगर तक जाने वाली रेल का सर्वे पूरा किया होगा। हम यह अपेक्षा करते थे कि आप इसे अर्थ-संकल्प में ले आते, दिखाते कि जैसे एक हजार, दो हजार, दस हजार रूपये—कि यह आनगोइंग प्रोजैक्ट जैसा हो जाए, अगर ऐसा होता तो थाड़ा बहुत हम लोगों को संतोष हो जाता, लेकिन बीड़ नगर वाली रेल का इसमे कोई जिक्र नहीं है।

मीरज-लातूर तो कहां गई, उसका तो अभी पता ही नहीं लगता।

यह जो दूसरी नानदेड़-आदिलाबाद वाली है, वह तो कभी-कभी हमको लगता है, माधव राव जी, कि यह

[डा॰ बापू कालदाते]

थोड़ा-बहुत मजाक हम लोगों का हो रहा है। अब उसमें टोकन ग्रांट एक हजार रूपये की कई सालों से देते आ रहे हैं। आपने कहा है कि यह 117 करोड़ का प्रोजैक्ट है। हर साल एक हजार रूपया अगर आप रखेंगे, तो कितने हजार साल हम रूके?

मैं कहता हूं कि यह इतना ही है कि आक्सीजन पर इसे रखा हुआ है, मरा नहीं है, इतना ही दिखाने के लिये है ना। लेकिन यह आक्सीजन की मास्क जरा निकाल दीजिए और आम लोगों की जरा सचेतना काम कर रहे हैं, ऐसा हमारी समझ में आ जाए, इस दृष्टि से करना चाहिए।

मैं आपको यही कह रहा हूं कि आप इसके क्राइटीरिया के बारे में सोचिए कि क्या क्राइटीरिया, कौनसी अग्रिमता है? अगर अग्रिमता पिछड़े इलाकों की है, तो मैं यह नहीं कह रहा हूं कि सिर्फ मराठावाड़ा की करिए, बिहार के इलाके हैं, उड़िसा के इलाके हैं, केरल के कुछ इलाके हैं, अभी मैं कर्नाटक मे गया था, कर्नाटक के कुछ इलाके है, इनके लिये अगर आप प्रायरटी बेसिस पर कुछ करेंगे, तो हम लोगों का यह लगता है कि....

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई): आप मध्य प्रदेश को भूल जाते हैं।

डा. बापू कालदाते: मध्य प्रदेश में वह स्वयं हैं, वह करेगे जरूर। हमारे के लिये करना चाहिये क्योंकि सब से बड़ी दिक्कत हम लोगों के लिये यह है कि कोई भी उद्योग वहां बढ़ता क्योंकि उद्योगपति कहते है कि वहां रेल नहीं है और रेल वाले कहते है कि वहां उद्योग नहीं है। रेल नहीं है, इसलिये उद्योग वहां नहीं जाता और उद्योग नहीं है, इसलिये रेल वहां नहीं जाती। अब पहले मुर्गी या पहले अंडा, इसमे हम लोगा फंसे हुए है कि कौन पहले? इसका पता नहीं लगता, लेकिन होता यह है कि विकास की प्रक्रिया अतिशय गतिरूद्ध हो जाती है।

मेरी आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह प्रार्थना है कि बहुत असंतोष मराठवाड़ा के लोगों मे है अभी हमने सुना है-मैं वहां गया तो नहीं था, लेकिन रेल रोको आंदोलन वहा पर चल रहा है यह कोई हमारी इच्छा नहीं है, न हमारी ख्वाहिश है कि हम उस रास्ते पर जाएं, लेकिन जब लोगो की अपेक्षाये पूरी नहीं होती हैं, मजबूरन आप उनको उस रास्ते पर भेज रहे हैं। यह मेरा आपसे अनुरोध है कि हम यह नहीं चाहते हैं। हम चाहते हैं कि यह जो अपेक्षाये हैं, आप पूरी करें। अगर पूरी ही न करें और कहें कि चुप बैठ जाएं, तो यह संभव नहीं है, लोग जरूर आयेंगे रास्ते पर, आपके ऊपर दबाव डालने के लिये आयेंगे कि हम पिछड़े हुये लोग है, भारत की सारी प्रक्रिया में हम शामिल होना चाहते हैं और शामिल होने के लिये इन बातों की जरूरत है।

रेल हमारे लिये शोभा की वस्तु नहीं है, रेल हमारे जीवन-मरन की वस्तु है। जब तक रेल नहीं बनेगी तब तक हमारे वहां का जीवन भी फलदायी और सम्पन्न नहीं होगा। इसके लिये अगर लोग चाहे कि हमारे जीवन के लिये और सारी विकास की प्रक्रिया में एक सुदृढ़ शक्तिशाली विभाग के रूप में हिस्सा लेने के लिये अगर हम चाहेंगे कि यह रेल लाइनें बिछा दी जाएं, तो इसमे आपको यह नहीं मानना चाहिये कि हम गुस्से मे आकर कुछ बात आपके सामने कर रहे हैं।

एक दूसरी बात कह कर मैं इस बात को समाप्त करता हूं क्योंकि कई बातें हैं जिनमे मैं सुझाव देना चाहता था, लेकिन हमारी पार्टी के अन्य सदस्य भी इस पर बोलने वाले हैं। इसलिये एक सामाजिक बोझ का सवाल है जिसमें हम मंत्री महोदय का बहुत साथ देना चाहते हैं।

हम यह चाहते हैं कि दुनिया में एक ही रेल है कि जिसको सारा सोशल बर्डन उठाना पड़ता है। दुनिया में मैं भी गया हूं। मैं जर्मनी गया था। उस समय सोशल पार्टी की सरकार थी और हमारे मित्र थे। हम जब फ्रेंकफर्ट पहुंचे तो ट्रेड यूनियन के लोगों ने हमारा स्वागत किया। हम राइन एक्सप्रेस से बोन तक गए। रेल मे कोई लोग नहीं थे। हमारी एम्प्लाइज़ यूनियन के लोगों से जब बात हुई और हमने यह पूछा कि आपकी रेलवे तो घाटे मे चलती होगी तो उन्होंने कहा कि ठीक है, घाटे में चलती है, लेकिन बोझ सरकार उठाती है। ब्रिटेन में सरकार बोझ उठाती है, जापान में सरकार बोझ उठाती है और अन्य देशों में भी सरकार बोझ उठाती है क्योंकि यह सामाजिक बोझ है, यह उनका स्वयं रेल का बोझ नहीं है। डिफेंस मैटीरियल भेज देना, फूड ग्रेन्ज़ आपको कंसेशनल रेट में भेज देना हो या कुछ करना हो तो इसके लिए यह रेल हिन्दुस्तान का बोझ उठाती है। लेकिन सारा पैसे का बोझ रेल पर डाल देना मैं मानता हूं कि यह ग़लत है। इसमें भी हम लोगों को रेल मंत्रालय की मदद करनी चाहिए

कि जो सामाजिक बोझ ज्यादा स्वयं रेल उठा रही है उसके बोझ का कुछ हिस्सा सरकार जरुर उठा ले। जैसे कंसेशनल रेट पर देते हैं या फर्टिलाइज़र आप किसानों को देते हैं या किसानों को अन्य कोई राहत देते हैं। रेल का काम अधिक विकसित होने के लिए, रेल का पैसा अधिक नेटवर्क फैलाने के लिए, रेल का पैसा ज्यादा माडर्नाइजेशन के लिए जिससे फ्यूल की बचत हो ऐसी इलेक्ट्रीफिकेशन के लिए अगर हमको चाहिए तो दो बातें करना जरुरी है। एक डिविडेंड वाले मामले में बिल्कुल सजगता से देखना चाहिए और दूसरी तरफ यह जो बोझ रेल के ऊपर सारा डाल रहे हैं यह बोझ हल्का करना चाहिए। इसके बगैर भले काबिल मंत्री हों, भले उनकी इच्छा भी हो तो भी शायद उनके हाथ बंधे हुए रहेंगे, ऐसा मुझे लगता है। इसके लिए हमारी सदन की आपके द्वारा यह प्रार्थना है कि इन बातों के लिए हम लोग झगड़ा आपके साथ करें लेकिन आपको हम यह कहने हैं कि प्लानिंग कमीशन पर आप भी कुछ दबाव डालिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : वह तो बहुत दबाव डालते हैं।

डा० बापू कालदाते : दबाव नहीं पड़ रहा है। हमारी दिक्कत यह है आप पांच साल के लिए आप यहां पर बैठे हुए हैं, आपका दबाव नहीं पड़ेगा तो किसका पड़ेगा? आप कहीं न कहीं तो दबाव डालिए और जो कुछ भी आप कर सकते हैं वह आप करिए, लेकिन कुछ करना बहुत आवश्यक है ऐसा मैं मानता हूं। अंत मे मैं दो-तीन बातें कह कर बंद कर देता हूं। दो बातें मुझे कहनी हैं। एक तो मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं, आपका काम नहीं है यह मै जानता हूं लेकिन आपके माध्यम से मैं एक प्रार्थना करता हूं कि आप यह हमारी मांग जरा पहुचा दीजिए। आप जानते हैं कि स्वतंत्रता सैनिकों के लिए हमने दो साल के लिए रियायत दी है और मेरी मांग बहुत सालों की है कि परमानेंट दें क्योंकि स्वतंत्रता सेनानी तो बढ़ने वाले नहीं हैं, उनकी उम्र भी बहुत हो गई है। जहां तक देहातों के स्वतंत्रता सेनानी हैं हम आपसे यह कहते हैं हमारे इलाके में हमने देखा कि जहां दो-तीन हजार लोग हैं, यह लोग कहीं काश्मीर या कन्याकुमारी नहीं जाते हैं, क्योंकि आपने टिकट मुफ्त दिए हैं लेकिन वहां का खर्चा करना कोई आसान बात नहीं है लेकिन हो सकता है कि वे कहीं न कहीं शादी में जाएं, कहीं मीटिंग मे जाए या कहीं वे लोगों को मिलने के लिए जाए, वे 70-75 साल के लोग हैं, हम आपके माध्यम से दरख्वास्त करते हे कि कृपया यह हमारी मांग है और आप इसे गृह मंत्रालय तक पहुंचाइये और यह देखिए कि आप स्वतंत्रता सेनानियों को बार-बार रेल के पास के लिए जाना और एक साल का एक्सटेंशन मांगना कहां तक उचित है। उनके लिए यह चीज़ सारी जिन्दगी के लिए हो जाए तो ठीक है। सारी जिन्दगी के लिए आप पास दिया करे ताकि जहा जाना चाहे वहा वे जा सकें। दूसरी एक बात यह है जैसे कि हम लोग पैसे जुटाने का प्रयास करते हैं, इसमें एक ही बात मैं कहूंगा कि जो अत्याधुनिक व्यवस्थाएं बन सकती हैं जिससे कि फ्यूल का जो खर्चा है वह कम हो। राज कमेटी की रिपार्ट आपके सामने है इसलिए मै ज्यादा इस पर बहस नहीं करना चाहता हूं, मैं यह आपसे कहूंगा कि अगर फ्यूल कंज़म्प्शन कम हो तो ठीक है और उसके लिए हम इलेक्ट्रीफिकेशन के बारे में ज्यादा कुछ कर सकें तो यह हो सकता है कि शायद जितना पैसा हमारा ज्यादा लगता है उससे बहुत कम पैसा लगने की संभावना रहे।

एक बात मैं अंत में कहता हूं कि जो अच्छी ट्रेन्ज़ हैं उनमें भी सर्विसेज़ के बारे में आपको देखना बहुत जरुरी है। मैं कुछ समय पहले राजधानी से गया था। वही एक ट्रेन है जिसके बारे में बहुत कहा जाता है और वह सही भी है। लेकिन हमको लगता है कि सेवाओं को जरा बेहतर बनाने की आवश्यकता है। मेरी कोई शिकायत नहीं है लेकिन पहले जो हम सेवा पाते थे उससे थोड़ी घट गई है और क्वालिटी भी घट गई है, लेकिन मैं यह नहीं कह सकता हूं क्योंकि लोगों के व्यवहार मे बहुत कुछ घट गया है लेकिन आम तौर से लोगों में हमने यह पाया है और दो-चार बार मैं जाकर आया हूं और इस सेवा को ज्यादा बेहतर बनाने का प्रयास भी हम लोगों को करना चाहिए। आखिर में मैं इतना ही कहूंगा कि रेल हमारे जीवन की एक महत्वपूर्ण संचार व्यवस्था है और इसको ज्यादा सुदृढ़ बनाने का जो प्रयास आज तक आपने किया है इसके लिए हम आपके बहुत आभारी हैं।

लेकिन हम यह चाहते हैं कि जो आप नहीं कर पाए हैं, जो जलेबी आपके घर में फंसी हुई है, यह हमारे घर तक जब तक नहीं लाएंगे, तब तक हमारी शिकायत आपसे कम नहीं होगी। इतना कहकर मैं अपना यह भाषण समाप्त करता हूं।

श्रीमती मनोरमा पाण्डेय (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय रेल मंत्री जी ने जो रेल बजट भाषण प्रस्तुत किया है, मैं उसका समर्थन करती हूं। अभी मेरे बोलने के पूर्व कालदाते साहब ने भी यह स्वीकार किया कि जबसे सिंधिया साहब आये हैं, रेल की पटरी बहुत अच्छे ढंग से चल रही है। इसमे काफी प्रगति, काफी

[श्रीमती मनोरमा पाण्डेय]

विकास हुआ है और रेल की सुविधाएं भी बढ़ाई गई है। साथ ही साथ कुछ नई ट्रेन भी इन्होंने इण्टरोड्यूज की हैं जो पुरानी लाइनें थीं, उनको बदलने की दिशा मे काफी अच्छी कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही सिंधिया साहब ने जो हमारा सौ साल पुराना रेलवे एक्ट था, उसमें एक समिति बनाकर संशोधन करने के लिए हमारे सदन के सामने उसको उपस्थित किया ।

मैं रेल मंत्री जी के शुरू के ही भाषण के कुछ शब्दों का उल्लेख करना चाहूंगी:

"Transportation vitally interlinked with the economic development of the country. It allows land to be exploited economically; it leads industry and agro-industry to develop;....For the growth of the national economy, the performance of the transport sector does not remain just crucial—it becomes critical."

मान्यवर, मैं इस संदर्भ में कहना चाहूंगी कि बिहार राज्य आर्थिक दृष्टिकोण से राष्ट्रीय औसत से नीचे जा रहा है और हम लोगों को यह उम्मीद नहीं है कि सातवीं पंचवर्षीय योजना के तहत् भी उसमें कुछ सुधार हो सकता है। जैसा कि माननीय मंत्री जी ने स्वयं कहा है कि यातायात किसी भी आर्थिक तंत्र का मूल आधार है। बिहार उसमें बहुत ही पिछड़ी अवस्था में है। रेल मंत्रालय की ओर से भी रेल यातायात का विकास इस राज्य में सबसे कम है, जहां देश में 61,000 किलोमीटर रेलवे लाइन है, वहां बिहार में मात्र 5,300 किलोमीटर लाइन है, संपूर्ण देश में 7,500 किलोमीटर नई रेलवे लाइनों का निर्माण हुआ और उनका पुनर्विकास हुआ, लेकिन बिहार में उसका हिस्सा पाच प्रतिशत है।

मान्यवर, समस्त रूप से संपूर्ण बिहार उपेक्षित रहा है। इस राज्य का पिछड़ा इलाका छोटा नागपुर, संथाल परगना, यह सारे जो इलाके हैं पूर्णत उपेक्षित हैं। हजारीबाग, गुमला, दुमका जैसे जिला मुख्यालय हैं, जो रेलवे से अभी तक जुड़े नहीं हैं। इसकी उपेक्षा का एक उदाहरण मैं आपके सामने कहना चाहूंगी कि बिहार में श्रीमती इंदिरा गांधी जी द्वारा सन् 1974 में बगहाछितौनी रेल पुल के निर्माण के लिए उसका शिलान्यास किया गया था और उस पर सात करोड़ रुपया खर्च करके उसकी सामग्री और उपकरण पहुंचाने के लिए रेल लाइन बनाई गई थी, लेकिन आज तक उस रेल पुल का निर्माण कार्य लंबित है।

मान्यवर, जो रेल सेवा बिहार में उपलब्ध है, उसकी भी स्थिति दयनीय है। जो भी गाड़ियां चलती हैं, वह इतनी लेट चलती हैं कि उनके साथ साथ जो संबद्ध गाड़ियां हैं, उनको पकड़ने में यात्रियों को कठिनाई होती है। उन रेलों में भी इतने कम डिब्बे रखे गए हैं कि यात्री भेड़-बकरी की तरह उसी में ठुंसे रहते हैं। दूसरी बात, बिहार में भिन्न-भिन्न रेलों में जो विधि-व्यवस्था की स्थिति है, वह दिन-पर-दिन बदतर होती जा रही है। आप अगर पटना और मोकामा से चले जाइए तो आए दिन सुनने में आता है कि डाका हो गया, मर्डर हो गया। इस तरह की सारी घटनाएं होती रहती हैं। रेल विभाग राज्य सरकार पर इसकी जिम्मेदारी छोड़ती है और राज्य सरकार को विधि-व्यवस्था के लिए जो भी निधि दी जाती है, वह पिछले बीस वर्षों में काफी कम रही है। आज जनसंख्या बढ़ती जा रही है, यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन फिर भी विधि व्यवस्था में सुधार के लिए जितनी राशि देनी चाहिए उतनी नहीं मिल पाती है। जहां देश के दूसरे राज्यों ने रेल मंत्रालय के व्यय भार संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी है फिर भी उन राज्यों में रेल सेवाओं का विस्तार हो रहा है परन्तु बिहार ने अपने कम साधनों के बावजूद भी रेल मंत्रालय के व्यय भार को वहन करने का निर्णय लिया है इसके बावजूद भी वहां नयी रेलवे लाइनों का विस्तार नहीं हो रहा है।

मान्यवर, पिछले विभिन्न योजनाओं में होनेवाला भू-अर्जन का व्यय, स्लीपरों के दाम और मिट्टी का काम आदि का व्यय वहन करने का प्रस्ताव राज्य सरकार ने दिया है, लेकिन रेल मंत्रालय की तरफ से न उन रेलवे लाइनो का निर्माण और न पुरानी छोटी लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित करने का कोई आश्वासन दिया गया है। रोहतास जिले का आरा से सहसराम - जोकि एक बहुत ही पिछड़ा हुआ और इंडस्ट्रियल एरिया के हिसाब से बहुत अच्छी जगह मानी जाती है लेकिन आज तक उसमें कोई प्रगति नहीं हो पाई है।

मान्यवर, बिहार में रेल सेवा का विस्तार केवल बिहार के हित में नहीं बल्कि राष्ट्रीय हित में उसकी उपयोगिता है। जैसाकि आप जानते हैं कि बिहार की खनिज एव जंगल संपदा देश की 40 प्रतिशत है। वहां बड़े सार्वजनिक प्रतिष्ठान भी हैं परन्तु रेल सेवा द्वारा उसकी उपयोगिता का लाभ नहीं लिया जा रहा है। इस संबंध मे मैं यह कहना चाहूंगी कि बिहार की जो भी खनिज संपदा है वह रेल लाइन के न होने से उस भू-भाग मे खनिज की उत्पादकता का उपयोग हम नहीं कर पा रहे हैं। इस सिलसिले में मैं एक बात कहना चाहूंगी कि बिहार की

सरकार की तरफ से एक प्रपोजल दिया गया था ब्राड रेलवे लाइन का डिहरी आन सोन एलांग द नार्थ बैंक आफ सोन रिवर। सोन नदी के किनारे पायराइट और लाइम स्टोन का डिपाजिट बहुत बड़ी मात्रा में है और वहा पर भारत सरकार का प्रतिष्ठान पी० पी० सी० एल० भी अजमोर में है। यह डिहरी आन सोन रेलवे लाइन से 35 किलोमीटर पड़ता है। यह प्रस्ताव 1962 से लंबित पड़ा हुआ है। पायराइट मायनिंग प्रोजेक्ट और सीमेंट वर्क्स लिमिटड ये दोनों प्रतिष्ठान डिहरी आन सोन से 35-40 किलोमीटर की दूरी पर है। वहां पर एक नैरो रोड है जिस पर इन इंडस्ट्रीज को डिपेंड करना पड़ता है। आप जानते हैं कि बिहार में जो सीमेंट की खपत है हम लोग उसे पूरा नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इस एरिया में कम-से-कम दो से तीन मिलियन टन सीमेंट उत्पादन की क्षमता है जोकि आगे चलकर 3.5 मिलियन टन 1992 तक हो जाएगी। लेकिन यह सारी भू-संपदा रहते हुए भी हम उसका उपयोग नहीं कर पाते हैं और जो पैसा हम सरकार को दे सकते थे वह पैसा हमें प्राईवेट ट्रांसपोर्टर्स को देना पड़ता है। इसलिए मेरा मंत्री जी से यह आग्रह है कि महाराष्ट्र पैटर्न पर यह रेलवे लाइन बनायी जाये जिसमें इस प्रोजेक्ट का संपूर्ण व्यय राज्य सरकार करे और रेल मंत्रालय एक निर्धारित समय के अंदर टैक्स लगाकर राज्य सरकार को रिम्बर्स करे। इस लाइन के बनने से हम वहां की खनिज संपदा का उपयोग कर पाएंगे और हमारी जो सीमेंट की कमी है उसको भी हम पूरा कर पाएंगे।

मान्यवर, अंत में मैं कहना चाहूंगी कि मंत्री जी ने बिहार को जो कुछ भी रेल सुविधा प्रदान की है, जैसे हावड़ा से देहली वाया पटना। इसकी फ्रीक्वेंसी को बढ़ा दिया है। पहले जो दो दिन थी वह बढ़ाकर चार दिन कर दी है। दूसरे मगध एक्सप्रेस जो पटना से चलती है, सारे एम० पीज० को उस गाड़ी से आना पड़ता है, लेकिन उसका समय ऐसा है कि अक्सर वह 2, 4, 6 घंटे लेट रहती है जिसका नतीजा यह होता है कि हम लोग यहां पा समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। तीसरी बात यह कहनी थी कि कोचीन-हावड़ा सुपर फास्ट एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन ही वाया पटना जाती है। मेरा मंत्री महोदय से आग्रह है उसको कम-से-कम तीन दिन कर दिया जाए साथ-ही-साथ बिहार के लोगों को बाम्बे जाने के लिए मात्र एक ट्रेन है। वह भी हफ्ते में एक बार जाती है। अतः आपसे अनुरोध है कि जो ट्रेन बाम्बे से वाराणसी तक आती है उसको पटना तक एक्सटेंड कर दें।

अंत में मैं माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगी कि मुगल सराय से आसनसोल तक जो रेल-लाइन है उसका इलैक्ट्रिफिकेशन कराए क्योंकि हमारी जो राजधानी गाड़ी आती है वह ग्रेड कार्ड होकर आती है, पटना जो राजधानी है वहां से नहीं गुजरती है। अतः जब तक आप इलेक्ट्रिफिकेशन का उपाय नहीं कर लेते हैं तब तक उसको डीज़ल पर चलाकर कम से कम पटना की तरफ से राजधानी एक्सप्रैस को चलाए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं मंत्री जी के भाषण का स्वागत करते हुए समाप्त करती हूं।

3.00 P.M.

SHRI SUKOMAL SEN (West Bengal): Though I don't know if the election will be held this year, people call it an election year. So, they had expected that the Railway Budget would be a soft one and no levy will be charged on them. But the people's expectations have now been belied. The Government has shown cleverness here. Instead of taxing the passengers, it has taxed the entire country. Not all people travel by railways, but all the people of the country get affected by the levies that the Government imposes on freight. And since this is a sensitive year for the Government, sensing that if some passenger fare is raised there will be an immediate hue and cry, the Government cleverly avoided raising of the passenger fare. Instead it has raised the freight charges. Mr. Kulkarni was saying that the Railway Minister is very efficient. I do appreciate that he is efficient, but his efficiency is in cleverness. This levy will be amounting to Rs. 876 crores during 1989-90. They say it is 11 per cent. Then in the name of rationalisation they have levied additional amount of money. They say certain categories have been reclassified and rationalised. You will find though the Minister originally says that some essential items like salt and fruits have been exempted, in the name of reclassification and rationalisation he has raised the charges on certain items with the result foodgrains, steel, cement, fertiliser, coal, everything has been charged at higher level. What will be the result? Foodgrains and fertilisers are subsidised items. Again the freights have been hiked through the so-called rationalisation. The term rationalisation in our country has become

